नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) के पास एक व्यक्ति लाया गया, जिसने मदिरा पान कर रखा था, तो आपने फरमायाः "इसको मारो।"

अबू हुरैरा (रज़ियल्लाहु अन्हु) से रिवायत है कि नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) के पास एक व्यक्ति लाया गया, जिसने मदिरा पान कर रखा था, तो आपने फरमायाः "इसको मारो।" अबू हुरैरा (रज़ियल्लाहु अन्हु) कहते हैं◌ः चुनांचे हममें से किसी ने उसे हाथ से मारा, किसी ने जूते से, तो किसी ने कपड़े से। फिर जब वापस हुआ, तो किसी ने कह दियाः अल्लाह तुझे ज़लील करे। अतः, आपने फरमायाः "इस तरह की बात न कहो। उसके विरुद्ध शैतान की मदद न करो।"
[सह़ीह़] [इसे बुख़ारी ने रिवायत किया है।]

http://www.sunnah.global/hadeeth/hi/show/3262